दैनिक सचएक्सप्रेस
सत्यम् सदैव सुन्दरम् ...

खेल जंक्शन

विवाद और बेन स्टोक्स का पुराना नाता, स्टार ऑलराउंडर के करियर पर मंडरा रहे संकट के बादल

नई दिल्ली। बेन स्टोक्स की गिनती विश्व के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर्स में की जाती है। स्टोक्स अकेले दम पर इंग्लैंड को कई यादगार मुकाबले जीता चुके हैं। हालांकि, बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन करने के लिए मशहूर स्टोक्स का विवादों से भी पुराना नाता रहा है। एक और विवाद के बाद अब स्टोक्स के इंटरनेशनल करियर पर संकट के बादल छा गए हैं।

दरअसल, लॉर्ड्स के मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में मिली जीत के बाद स्टोक्स और इंग्लैंड टीम ने पब और नाइट क्लब में जाकर खूब जश्न मनाया। रिपोर्ट्स के अनुसार, इसी दौरान स्टोक्स और गस एटकिंसन एक विवाद में पड़ गए, जहां रग्बी टीम के खिलाड़ियों से स्टोक्स-एटकिंसन की मारपीट तक हो गई। यह विवाद अब तूल पकड़ चुका है और स्टोक्स एक बार फिर जांच के घेरे में आ गए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए स्टोक्स और एटकिंसन को टीम से ड्रॉप भी कर दिया गया है और जो रूट को कप्तानी का जिम्मा सौंपा गया है।

इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड के इस फैसले के बाद स्टोक्स के भविष्य को लेकर कई तरह के सवाल खड़े किए जा रहे हैं। हालांकि, यह पहला मौका नहीं है जब स्टोक्स किसी विवाद की वजह से सुर्खियों में हैं। साल 2017 में भी इसी तरह नाइट क्लब में मारपीट में शामिल रहे थे। इस मुकाबले में मुकदमा तक दर्ज हो गया था। वहीं, 2013 में स्टोक्स को जरूरत से अधिक शराब पीने की वजह से इंग्लैंड लायंस के दौरे से वापस भेज दिया गया था।

ताजा विवाद के बाद ऐसी अटकलें भी लगाई जा रही हैं कि स्टोक्स को शायद कप्तानी से हाथ धोना पड़े और उनके करियर पर भी खतरा मंडरा रहा है। सिर्फ इंग्लैंड ही नहीं, बल्कि विश्व क्रिकेट के सबसे बेहतरीन ऑलराउंडर में से एक स्टोक्स अपनी खराब आदतों के कारण खुद के पैरों पर ही कुल्हाड़ी मारने का काम करते हैं।

हालांकि, सिर्फ स्टोक्स ही नहीं, इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में टीम के दिग्गज ऑलराउंडर्स की कहानी कुछ ऐसी ही रही है। एंड्र्यू फ्लिंटॉफ 2005 में एशेज सीरीज जीतने के बाद अधिक मात्रा में शराब पीने की वजह से विवादों में रहे थे। इसके साथ ही मैदान पर उनका आचरण हमेशा ही सुर्खियां का हिस्सा रहा। फ्लिंटॉफ से उपकप्तानी ले ली गई थी और उन पर एक मैच का बैन भी लगाया गया था। इंग्लैंड के एक और महान ऑलराउंडर इयान बॉथम भी 1986 में गांजा पीने की वजह से 63 दिनों के लिए इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड द्वारा निलंबित कर दिए गए थे।

बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, नीलबड़ भोपाल में 'राइज़िंग स्टार्स कार्निवल 2026' का शानदार आयोजन

भोपाल। बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, नीलबड़ ने अपने परिसर में आयोजित बहुप्रतीक्षित राइज़िंग स्टार्स कार्निवल 2026 का सफलतापूर्वक समापन किया। भोपाल के सबसे बड़े बच्चों के प्रतिभा और खेल उत्सवों में से एक, इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। यह आयोजन बच्चों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और प्रतिभा को मंच देने के लिए किया गया था।

कार्निवल में कला, खेल, संगीत और तकनीक से जुड़ी कई रोचक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इनमें एकल नृत्य, गायन, चित्रकला, कोलाज मेकिंग, पेपर क्राफ्ट, क्ले मॉडलिंग, लेगो बिल्डिंग, कहानी सुनाना, शतरंज, रुबिक क्यूब स्प्रिंट, स्क्रैच 3.0 गेम डिजाइनिंग, बास्केटबॉल, फुटसल, लॉन टेनिस और स्केटिंग शामिल थे। विभिन्न आयु वर्ग के बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसका मूल्यांकन अनुभवी निर्णायकों ने किया।

यह कार्यक्रम स्कूल की उस सोच को दर्शाता है, जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जाता है। स्कूल का मानना है कि शिक्षा सिर्फ पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने के अवसर भी मिलने चाहिए। इस कार्निवल ने बच्चों को अपनी विशेष क्षमताओं को पहचानने और प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया।

बिरला ओपन माइंड्स एजुकेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री निर्वान बिरला ने कहा, हम मानते हैं कि शिक्षा सिर्फ किताबों और कक्षाओं तक सीमित नहीं है। हर बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा होती है, जिसे पहचानने और निखारने के लिए ऐसे मंच जरूरी हैं। राइज़िंग स्टार्स कार्निवल बच्चों को अपनी रुचियों को खोजने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर देता है। खेल, कला, तकनीक और प्रदर्शन जैसी गतिविधियाँ बच्चों को रचनात्मक, मजबूत और भविष्य के लिए तैयार बनाती हैं।

बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल भोपाल के चेयरमैन श्री राकेश मलिक ने कहा, दो दिनों के दौरान बच्चों और अभिभावकों का उत्साह और बड़ी संख्या में सहभागिता यह साबित करती है कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को उनकी क्षमताओं को पहचानने और विकसित करने के अवसर देना है। राइज़िंग स्टार्स कार्निवल का उद्देश्य रचनात्मकता, टीमवर्क और आत्मविश्वास को बढ़ावा देना था और हमें खुशी है कि हमने बच्चों के लिए ऐसा प्रेरणादायक मंच उपलब्ध कराया।

जोरदार तालियों, शानदार प्रस्तुतियों और यादगार उपलब्धियों के साथ राइज़िंग स्टार्स कार्निवल 2026 का समापन हुआ। यह आयोजन बच्चों और उनके परिवारों के लिए कई सुखद यादें छोड़ गया और आने वाली पीढ़ी को आत्मविश्वासी, रचनात्मक और भविष्य के लिए तैयार नागरिक बनने की प्रेरणा दे गया।

सच बाजार

देशभर में कुल वाहन बिक्री में 9.55 फीसदी की वृद्धि दर्ज

फाडा रिपोर्ट- मध्यप्रदेश में गत मई में 1,32,974 कुल वाहनों की हुई बिक्री

वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल

फेडरेशन ऑफ आटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा)के द्वारा जारी मई 2026 की वाहन रिटेल रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश में कुल वाहन बिक्री 1,32,974 यूनिट रही। वाहनों की बिक्री में 2.47 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई। हालांकि कुछ प्रमुख सेगमेंट्स में अच्छी बढ़त भी देखी गई। फाडा मध्यप्रदेश के अध्यक्ष आशीष पांडेय ने बताया कि बाजार में मांग का रुझान मिश्रित रहा। दोपहिया वाहनों में गिरावट रही, जबकि पैसेंजर व्हीकल और कमर्शियल सेगमेंट में वृद्धि दर्ज की गई। पांडेय ने बताया कि मध्यप्रदेश में वाहन की कुल बिक्री 1,32,974 यूनिट रहीं। जिसमें में टू-व्हीलर 1,01,353 यूनिट और थ्रीव्हीलर 4,554 यूनिट बिके। जबकि कमर्शियल व्हीकल की 2,736 यूनिट, पैसेंजर व्हीकल की 13,803 यूनिट और ट्रैक्टर में 10,332 यूनिट की बिक्री हुई। इसके साथ ही कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट 196 यूनिट वाहन बिके। पांडेय ने देशभर में हुई वाहनों की कुल बिक्री के बारे में कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर कुल वाहन बिक्री में 9.55 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई है। पैसेंजर व्हीकल सेगमेंट में सबसे तेज वृद्धि (23.25 फीसदी) देखी गई। टू-व्हीलर, थ्री-व्हीलर, कमर्शियल और ट्रैक्टर सेगमेंट में भी सकारात्मक ग्रोथ रही, जबकि कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट में गिरावट दर्ज हुई। फाडा के अनुसार, बाजार में त्योहारी मांग की तैयारी, ग्रामीण क्षेत्र की स्थिर स्थिति और कमर्शियल वाहनों की बढ़ती जरूरतों ने बिक्री को समर्थन दिया है, जबकि कुछ क्षेत्रों में उपभोक्ता खर्च में सावधानी का असर देखने को मिला।

वारवी ग्लोबल को 120.8 मिलियन का ऑर्डर

अहमदाबाद। वारवी ग्लोबल लिमिटेड ने लगभग 120.8 मिलियन मूल्य के एक महत्वपूर्ण खरीद आदेश प्राप्त होने की घोषणा की है। इस ऑर्डर में लगभग 9 लाख मीटर सूटिंग फैब्रिक्स की आपूर्ति शामिल है और यह मूल्य-वर्धित टेक्सटाइल सेगमेंट्स में कंपनी की बढ़ती उपस्थिति को दर्शाता है। अगले तीन महीनों में निष्पादन के लिए निर्धारित यह ऑर्डर कंपनी की ऑर्डर बुक को और मजबूत करता है तथा राजस्व की दृश्यता को बढ़ाता है।

नेटफ्लिक्स पर लॉक अप का प्रसारण 27 को

मुंबई। अब नेटफ्लिक्स ने घोषणा की है कि एकता कपूर के बालाजी टेलीफिल्म्स के साथ साझेदारी में निर्मित लॉक अप की स्ट्रीमिंग 27 जून को शुरू हो रही है। इस घोषणा ने लॉक अप के लिए एक परफेक्ट माहौल तैयार कर दिया है। इस शो में भारत की सबसे अधिक चर्चित हस्तियाँ एक ही छत के नीचे कैद होंगी।

जामनगर बनेगा एआई इंफ्रास्ट्रक्चर का नया हब

रिलायंस और मेटा मिलकर बनाएंगे अत्याधुनिक डेटा सेंटर

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और मेटा ने गुजरात के जामनगर में वोट एआई-सक्षम डेटा सेंटर विकसित करने के लिए रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस परियोजना के तहत रिलायंस 168 मेगावाट क्षमता वाला डेटा सेंटर तैयार करेगी, जिसे अगले दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कंपनी के अनुसार, भविष्य में मांग बढ़ने पर डेटा सेंटर की क्षमता का विस्तार भी किया जा सकेगा। यह भारत में मेटा के लिए पहला बिल्ट-टू-सूट डेटा सेंटर होगा, जिसे विशेष रूप से कंपनी की कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और बड़े पैमाने की कंप्यूटिंग आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर डिजाइन किया जाएगा।

परियोजना में रिलायंस डेटा सेंटर के डिजाइन, निर्माण, बिजली आपूर्ति, नेटवर्क कनेक्टिविटी, संचालन और रखरखाव सहित संपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर सेवाएं उपलब्ध कराएगी। साथ ही डेटा सेंटर को नवीकरणीय ऊर्जा (रिन्युएबल एनर्जी) से संचालित किया जाएगा और कूलिंग के लिए शोधित समुद्री जल का उपयोग किया जाएगा। जामनगर को इस परियोजना के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण स्थान माना जा रहा है।

रिलायंस विश्वस्तरीय डिजिटल ढांचा विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध - अंबानी - इस अवसर पर मुकेश डी. अंबानी ने कहा कि मेटा के साथ यह साझेदारी भारत के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि रिलायंस विश्वस्तरीय डिजिटल ढांचा विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जो भारत और दुनिया में एआई नवाचार की अगली पीढ़ी को गति देगा। उनके अनुसार, जामनगर भविष्य में हाइपरस्केल एआईकंप्यूटिंग का एक प्रमुख केंद्र बन सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह परियोजना भारत को वैश्विक एआई और डेटा सेंटर निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है। साथ ही यह पहल भारत सरकार की उस रणनीति के अनुरूप है, जिसमें डेटा सेंटरों को देश के रणनीतिक डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का अहम हिस्सा माना गया है।

सोने-चांदी में बड़ी गिरावट

सोना 4,090 और चांदी 9,658 टूटी, 10 दिन में निवेशकों को बड़ा झटका

वाणिज्य डेस्क. भोपाल

सराफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। 24 कैरेट सोने की कीमत 4,090 रुपए प्रति 10 ग्राम घटकर 1,48,429 रुपए पर पहुंच गई। वहीं चांदी भी 9,658 रुपए प्रति किलो सस्ती होकर 2.36 लाख रुपए प्रति किलो के स्तर पर आ गई। बाजार में पिछले कुछ दिनों से लगातार कमजोरी देखने को मिल रही है। आंकड़ों के मुताबिक, केवल 10 दिनों के भीतर सोना करीब 8,000 रुपए और चांदी लगभग 27,000 रुपए तक सस्ती हो चुकी है, जिससे निवेशकों और खरीदारों के बीच चर्चा तेज हो गई है।

ऑलटाइम हाई से काफी नीचे पहुंचे भाव- इस साल की शुरुआत में सोने और चांदी ने रिकॉर्ड तेजी दिखाई थी, लेकिन अब दोनों धातुओं की चमक फीकी पड़ती नजर आ रही है। सोना 31 दिसंबर 2025 को 1.33 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर था। इसके बाद 29 जनवरी 2026 को 1.76 लाख रुपए के ऑलटाइम हाई पर पहुंचा। अब यह अपने रिकॉर्ड स्तर से करीब 28 हजार रुपए नीचे आ चुका है। जबकि चांदी पिछले साल के आखिरी दिन 2.30 लाख रुपए प्रति किलो थी। 29 जनवरी 2026 को यह 3.86 लाख रुपए प्रति किलो के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। इसके बाद से महज 130 दिनों में चांदी करीब 1.50 लाख रुपए प्रति किलो तक टूट चुकी है।

खरीदारों के लिए राहत, निवेशकों को घाटा - सोने और चांदी की कीमतों में आई इस बड़ी गिरावट से ज्वेलरी खरीदने की योजना बना रहे ग्राहकों को राहत मिली है तो सोने -चांदी में अपनी पूंजी निवेश करने वाले निवेशकों को घाटा हुआ है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक बाजार, डॉलर की चाल और ब्याज दरों से जुड़े संकेत आगे भी कीमतों में उतार-चढ़ाव बनाए रख सकते हैं।

- मुख्य बातें

24 कैरेट सोना 4,090 सस्ता होकर 1,48,429 प्रति 10 ग्राम।
चांदी 9,658 टूटकर 2.36 लाख प्रति किलो।
10 दिनों में सोना करीब 8,000 और चांदी 27,000 सस्ती।
रिकॉर्ड स्तर से सोना 28,000 और चांदी 1.50 लाख तक नीचे।

जीएसटी नोटिसों के प्रभावी जवाब पर कर सलाहकारों ने दी महत्वपूर्ण जानकारी

वाणिज्य प्रतिनिधि.भोपाल

एसोसिएशन ऑफ टैक्सपेयर्स एंड प्रोफेशनल्स द्वारा कर सलाहकारों के लिए जीएसटी विभाग द्वारा जारी सूचना पत्रों और नोटिसों का प्रभावी उत्तर देने विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कर सलाहकारों और कर विशेषज्ञों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट नवनीत गर्ग ने कहा कि जीएसटी विभाग की ओर से कोई भी सूचना पत्र प्राप्त होने पर उसका गहन विश्लेषण करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सबसे पहले यह जांचना चाहिए कि नोटिस में अधिकारी द्वारा कहीं कोई कानूनी त्रुटि या कमी तो नहीं छोड़ी गई है, जिसके आधार पर उसे चुनौती दी जा सके। उन्होंने सलाहकारों को बताया कि नोटिस में लगाए गए आरोपों का परीक्षण कर यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मामला जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के अंतर्गत आता है या धारा 74 के अंतर्गत। उन्होंने कहा कि प्रकरण की प्रकृति और कर राशि के आधार पर उचित कानूनी रणनीति तैयार करना आवश्यक है। नवनीत गर्ग ने अधिकारियों के क्षेत्राधिकार की जांच को भी महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यवसायी केंद्रीय जीएसटी विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है, तो राज्य कर विभाग का अधिकारी कर चोरी के मामलों को छोड़कर अन्य आधारों पर सूचना पत्र जारी नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में विभाग वर्चुअल सुनवाई को बढ़ावा दे रहा है, लेकिन व्यक्तिगत सुनवाई व्यवसायियों और कर सलाहकारों दोनों के लिए अधिक प्रभावी साबित हो सकती है, क्योंकि इसमें तथ्यों और कानूनी पक्षों को बेहतर तरीके से प्रस्तुत किया जा सकता है।

कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजेश्वर दयाल सहित वरिष्ठ कर सलाहकार मृदुल आर्य, मनोज पारख, भूपेश खुरपिया, अंकुर अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, अवधेश शाह, संदीप चौहान, मयंक अग्रवाल और दीपेश भंडारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान जीएसटी कानून से जुड़े विभिन्न व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा की गई तथा प्रतिभागियों ने नोटिसों के जवाब से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और आरएसएस प्रमुख करेंगे संबोधन

माइंडमाइन समिट 2026 का आयोजन 15 जून को

नई दिल्ली। माइंडमाइन समिट 2026 का 16वां संस्करण 15 जून 2026 को नई दिल्ली के ताज पैलेस में आयोजित होगा। इस वर्ष समिट की थीम अनिश्चित समय, आत्मविश्वासी निर्णय- भारत का पुनर्संतुलन रखी गई है। कार्यक्रम में देश के प्रमुख नीति-निर्माता, उद्योगपति, अर्थशास्त्री, राजनयिक, निवेशक, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और सार्वजनिक बुद्धिजीवी हिस्सा लेंगे।

समिट के उद्घाटन सत्र में केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, सुनील कांत मुंजाल और रामदेव अग्रवाल के साथ विशेष बातचीत। वहीं शाम के सत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। समिट का समापन 18वें बीएमएल मुंजाल अवॉर्ड्स समारोह के साथ होगा, जिसमें नवाचार आधारित शिक्षण और विकास के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले संगठनों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर मोहन भागवत भारत का निर्माण, जड़ें, मूल्य और भविष्य विषय पर मुख्य वक्तव्य देंगे। कार्यक्रम से पहले अपने संदेश में सुनील कांत मुंजाल ने कहा कि वैश्विक उथल-पुथल और चुनौतियों के बीच भारत अपने विकास के एक निर्णायक दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि यह समिट उन अवसरों, परिवर्तनों और संभावनाओं पर सार्थक चर्चा का मंच बनेगा, जो भारत के भविष्य को आकार देंगे। समिट में कई प्रतिष्ठित हस्तियां विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगी। इनमें शमिका रवि, बांसुरी स्वराज, एंटोनियो बारटोली, सुरेश प्रभु, संजीव कृष्ण, प्रवीर सिन्हा और नीलेश शाह सहित कई अन्य प्रमुख नाम शामिल हैं। इस वर्ष समिट में भारत की विकास यात्रा, बदलते वैश्विक भू-राजनीतिक परिदृश्य, निवेश के नए अवसर, बीमा क्षेत्र का विस्तार, न्याय तक पहुंच, ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं में तकनीक और भरोसे जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श होगा।

टाटा मोटर्स ने लांच किया बिल्कुल नया इंट्रा वी40

मुंबई। वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी नई इंट्रा वी40 लांच करके वैकल्पिक ईंधन मोबिलिटी के क्षेत्र में अपनी कोशिशों को और तेज कर दिया है। इसके साथ ही, कंपनी ने तेजी से बढ़ते छोटे कमर्शियल वाहन और पिकअप सेगमेंट में अपनी लीडरशिप को और मजबूत किया है। यह वाहन 1.2 लीटर इंजन से लैस है, जो 58 बीएचपी की अधिकतम शक्ति और 106 एनएम का अधिकतम टॉर्क प्रदान करता है। यह गाड़ी एक हाइड्रोफॉर्मड चेसिस पर आधारित है, जो बेहतरीन मज़बूती, स्थिरता और बारीकी प्रदान करती है, ताकि असल दुनिया की स्थितियों में लगातार और भरोसेमंद प्रदर्शन सुनिश्चित किया जा सके।

यूनिकॉर्न इंफोसॉल्यूशंस ने तीन वर्षों मे 150 स्टोर्स खोलेगा

गुरुग्राम। एप्पल प्रीमियम पार्टनर यूनिकॉर्न इन्फोसॉल्यूशंस ने अपने 100वें एप्पल मोनो ब्रांड स्टोर का ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया। यह उपलब्धि दो दशकों से अधिक की सतत वृद्धि और देशभर में ग्राहकों को सर्वोत्तम एप्पल उपलब्ध कराने की गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह यात्रा 2006 में उस समय शुरू हुई जब यूनिकॉर्न ने अहमदाबाद में अपना पहला स्टोर खोला। वृद्धि के अगले चरण के तहत यूनिकॉर्न का लक्ष्य अपने रिटेल एवं सर्विस नेटवर्क में सतत निवेश के बल पर अगले तीन वर्षों में अपना विस्तार कर स्टोर्स की संख्या 150 पर पहुंचाने का है। सालाना 3,700 करोड़ रुपये से अधिक के कारोबार और 1,500 से अधिक पेशेवरों की टीम के साथ यूनिकॉर्न इन्फोसॉल्यूशंस निरंतर भारत के सबसे बड़े एप्पल प्रीमियम पार्टनर के तौर पर अपनी स्थिति मजबूत कर रही है।

एक्सिस मैक्स लाइफ ने किया 2,530 करोड़ रु. के बोनस का ऐलान

नई दिल्ली। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड ने पात्र पॉलिसीधारकों के लिए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2,530 करोड़ रुपए के पार्टिसिपेटरी (पार) बोनस का एलान किया है। यह कंपनी की तरफ से लगातार 24वां वार्षिक बोनस है और विगत 24 वर्षों में कंपनी ने अब तक कुल 18,377 करोड़ रुपए के बोनस का एलान किया है। घोषित बोनस 21 लाख से ज्यादा पात्र पार पॉलिसीधारकों को जुलाई, 2026 से प्रदान किया जाएगा। एक्सिस मैक्स लाइफ का पीएआर फंड वित्त वर्ष 2024-25 के 74,119 करोड़ रुपए से वित्त वर्ष 2025-26 में 79,003 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।

एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बढ़ाईं जमा दरें, मिलेगा 7.90 फीसदी तक ब्याज

मुंबई। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंकने अपनी फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), रिकरिंग डिपॉज़िट (आरडी) और फॉरेन करेंसी नॉन-रेसिडेंट (एफसीएनआर) डिपॉजिट की ब्याज दरों में संशोधन किया है। नई दरें 10 जून 2026 से प्रभावी हो गई हैं। बैंक द्वारा की गई इस संशोधित दर संरचना के तहत अब ग्राहकों को एफडी और आरडी पर अधिकतम 7.40 फीसदी प्रति वर्ष तक का ब्याज मिलेगा, जबकि वरिष्ठ नागरिकों को 7.90 फीसदी प्रति वर्ष तक का लाभ दिया जाएगा। यह बैंक भारतीय रिज़र्व बैंक से यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन के लिए सैद्धांतिक मंजूरी प्राप्त करने वाली एक प्रमुख वित्तीय संस्था भी है।